हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 मई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 रामानुजनगर क्षेत्र में कोयला चोर गिरोह सक्रिय, बाइक से करते हैं कोयला तस्करी






### बंगाली चौक से महामाया चौक तक कराया गया डामरीकरण

# मेयर की नाराजगी व कांग्रेस के आंदोलन के बाद एनएच 343 पर डामरीकरण व मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिर कार शहर के बीच मौजूद एनएच 343 की सड़क के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया। महापौर की नाराजगी और कांग्रेस के आन्दोलन के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने महामाया चौक से बंगाली चौक तक की बची हुई डेढ़ किमी की सड़क पर डामरीकरण का कार्य कराया। इस सड़क के मरम्मत का कार्य होने से लोगों ने राहत की सांस ली है लेकिन फिलहाल शहर के अन्य सड़कों की हालत अभी भी जर्जर बनी हुई है।

**खास बात**
- गड्ढों से परेशान थे लोग

बता दें कि शहर के बीच से एनएच की सड़कें होकर गुजरती है। राष्ट्रीय राजमार्ग की इन सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एनएच 43 की सड़क पर तो थोड़ा बहुत टायरिंग किया गया लेकिन महामाया चौक से बंगाली चौक होकर जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। ऐसे में रामानुजगंज चौक से स्कूल रोड होते हुए महामाया चौक तक बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए एनएच के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाईं थी जबकि जर्जर सड़कों को लेकर 22 मई को कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक और ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद हरकत में आए राष्ट्रीय राजमार्ग ने स्कूल रोड से बंगाली चौक तक की शेष बची हुई सड़क पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया। रातो रात विभाग ने डामरीकरण का कार्य पूर्ण करा दिया है जिससे फिलहाल आने वाले बारिश के समय लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी और परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं इधर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने निर्माण कार्य का स्वागत करते हुए कहा कि सभी नगर निगम, एनएच सभी विभागों को जनता की चिंता करने की जरुरत है और सरकार में बैठे जन प्रतिनिधियों को अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की जरुरत है। समय पर काम हो और लोगों को धरना प्रदर्शन करने के बाद काम हो ऐसी स्थिति निर्मित ना हो।


स्कूल रोड में सड़क मरम्मत करते मजदूर।

#### भुगतान के कारण अटका था मामला

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 शहर के महामाया चौक से शुरू होकर बंगाली चौक होते हुए रामानुजगंज तक जाती है। इस मार्ग पर लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से महामाया चौक से रजपुरी तक लगभग 7.5 किमी सड़क के मरम्मत का टेंडर जारी हुआ था। टेंडर जारी होने के बाद ठेकेदार ने बंगाली चौक से निर्माण कार्य शुरू किया लेकिन राशि का भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार ने बीच में ही काम रोक दिया। आन्दोलन और नाराजगी के बाद विभाग ने निर्माण कार्य का भुगतान कराया जिसके बाद रात में ठेकेदार ने काम शुरू किया और रामानुजगंज चौक से महामाया चौक के बीच डामरीकरण का काम कराया जा रहा है।

#### कराया गया है कार्य

महामाया चौक से बंगाली चौक तक लगभग डेढ़ किमी की सड़क का काम शेष था जिसे कराया गया। भुगतान नहीं होने के कारण काम रुका था। राशि जारी होने के बाद काम शुरू कराया गया।

-आरडी ताम्ब्रे, ईई एनएच

## भाजपा बूथ अध्यक्ष को वाहन ने कुचला अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** एनएच पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात एनएच 43 पर तेज रफ्तार वाहन चालक बाइक सवार भाजपा बूथ अध्यक्ष को कुचल कर फरार हो गया। इधर दुर्घटना में गंभीर हुए बूथ अध्यक्ष की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक बतौली के ग्राम पोकसरी भालुबार निवासी व भाजपा बूथ अ ध्य क्ष शिवमंगल दास आ. स्व. रविदास (50 वर्ष) काम सिलसिले से बतौली आया था। रात्रि करीब 9.30 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 एफ 1869 से घर जा रहे थे,जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 43 शांतिपारा पहुंचे तभी अज्ञात वाहन कुचलते हुए भाग निकला। इधर घटना को देख ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर चोट लगने व पैर टूटने से दर्द से इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन चालक बाइक सहित बूथ अध्यक्ष को चपेट में लेते हुए लगभग 20 मीटर तक घसीटते ले गया था जिससे शिवमंगल दास को गंभीर चोटें आई थी। बतौली पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। शिवमंगल दास भाजपा में लंबे से जुड़े हुए थे वे बूथ अध्यक्ष भालुबार में कार्यरत थे। भाजपा मंडल महामंत्री विश्वनाथ यादव ने शिवमंगल दास की सड़क दुर्घटना में मौत की खबर पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि भाजपा के निष्ठावान कार्यकता की कमी हमेशा खलेगी। वहीं भाजपा मंडल ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की है।



- एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना, एक माह के भीतर आधा दर्जन अधिक लोगों की मौत

#### एक माह के भीतर आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसे हो चुके हैं जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। इसी तरह एनएच 130 पर हाल ही में कई सड़क दुर्घटना हुई जिसमें बाइक सवार, पैदल सड़क पार कर रहे लोग तथा सड़क किनारे खड़े लोगों को तेज रफ्तार वाहन ने चपेट में ले लिया जिससे लोगों की दुर्घटना से मौत हो चुकी है। इसी बीच दो मामलों में आक्रोशित लोग एनएच 130 पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### खबर संक्षेप

#### नि:शुल्क अध्ययन हेतु 188 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर शुक्रवार को मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल में जिलेभर के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 9वीं, एवं 12वीं गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 188 विद्यार्थियों ने भागीदारी ली तथा बहुविकल्पीय आधारित 150 प्रश्नों को 3 घंटे में हल किया। शिक्षा विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों से सरगुजा-30 संचालित है जिसमें चयनित विद्यार्थियों का शासकीय बहुउद्देशीय उमावि में नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है तथा छात्र-छात्राओं हेतु जिला खनिज न्यास मद से पृथक छात्रावास एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

#### पिता की फटकार से क्षुब्ध बालक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पिता के फटकार से क्षुब्ध हुए बालक ने घर में आकर जहर पी लिया। परिजन बालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कमलपुर निवासी ओबजीत बर्मन आ. चितरंजन बर्मन (14 वर्ष) 9 मई को परिजन के साथ घर के बाड़ी में गेंदा फूल तोड़ रहा था। इसी दौरान पिता ने कम फूल तोड़ने और अधिक फूल गिराने में फटकार लगाकर घर भेज दिया। कुछ समय बाद पिता तोड़े गए फूल को गांव में माला बनाने वाले लोगों को पहुंचाने चला। इसी दौरान पत्नी ने फोन कर पति को बताया कि बेटा ओबजीत ने जहर पी लिया है और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने लेकर जा रहे है। पिता जब मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा तो देखा बेटा का उपचार चल रहा है। इसी बीच परिजन ने बेहतर इलाज कराने के लिए अस्पताल से छुट्टी कराकर बालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### चोरों ने घर का कुंडी तोड़ पार किया बोर मशीन व अन्य सामान

**अम्बिकापुर।** चोरों ने सूना धर के कुंड़ी तो तोड़ बोर मशीन सहित अन्य सामान पार कर दिया। मकान मालिक ने घटना की शिकायत कोतवाली में की है। बौरीपारा महादेव गली निवासी रमेश सोनी आ. अवध किशोर सोनी ने कोतवाली पुलिस से शिकायत किया है कि 22 मई की रात चोरों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर बोर मशीन, कटर मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक के मुताबिक 2 मई को भी चोरों ने घर में रखे सामान को चोरी कर ले गए थे। शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## नालंदा परिसर निर्माण में गुणवत्ताहीन ईंटों का उपयोग कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान लगाई फटकार

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य एवं उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी खामियां पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन ईंटों के उपयोग पर तत्काल कार्य रुकवाते हुए गुणवत्ता युक्त ईंट सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग करते हुए कार्य पूर्ण करें, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावी ढंग से कर सकें। नालंदा परिसर भविष्य में जिले के युवाओं के लिए ज्ञान, अध्ययन और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर श्री अभिषेक गुप्ता,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दीपक एक्का मौजूद रहे।



### हैवान बने पिता ने अपनी ही मासूम बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। महज 11 साल की बच्ची से उसके ही अपने पिता द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बच्ची ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी मां को दी जिसके बाद मां की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस घटना के बाद लोगों में ख़ासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं इधर अधिवक्ता संघ ने भी जांच में आरोप की पुष्टि होने पर आरोपी की पैरवी नहीं करने और उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एनएच 43 पर पुलिस की सघन जांच अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत हाइवे पुलिस चौकी नागपुर में लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह द्वारा राष्टीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन को लेकर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पंचायत पटना में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में जारी निर्देशों एवं आदेशों के पालन में कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशन में नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में यह कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण उपाध्याय ने उपस्थित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के तहत जारी निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नियमों के प्रभावी पालन के लिए संबंधित दिशा-निर्देशों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं।

सीएमओ ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने में वार्ड पार्षदों और स्थानीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को भी सामने रखा। इस पर नगर पंचायत प्रशासन ने सभी समस्याओं के समाधान और सतत निगरानी बनाए रखने का आश्वासन दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें सुरेन्द्र कुमार, अहिबरन सिंह, ज्योति देवांगन, अमित सिंह, रेखा वर्मा, रूचि सुजित सोनी, सौरभ सिंह सहित अन्य पार्षद शामिल रहे। कार्यशाला के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत पटना को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया।


### पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव हुए शामिल, चढ़ाई चादर


## कव्वाली मुकाबला के साथ हुआ तीन दिवसीय उर्स का समापन

अम्बिकापुर। हजरत बाबा मुराद्शाह और हजरत बाबा मोहब्बत शाह के सालाना उर्स का समापन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने मजार पहुंचकर चादर चढाकर अपने और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही उर्स के मौके पर कव्वाली का मुकाबला भी चला। उर्स के समापन कार्यक्रम में सरगुजा महाराज और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने आयोजन की प्रशंशा करते हुए कहा कि यह उर्स हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे का प्रतीक है। जो भी श्रद्धालु यहां आए हैं एकता भाईचारे का संदेश अपने शहर अपने गांव तक फैलाएं। वहीं आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने एकता के प्रतीक इस उर्स की जमकर तारीफ की सरगुजा की धरती में आपसी भाईचारा का संदेश देने वाला आयोजन कहा। इस दौरान उर्स में शामिल होने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने मजार में चादर चढ़ाकर प्रदेश और देश में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उर्स के अंतिम अंतिम दिन कव्वाल मुस्तफा नाजा एवं तमन्ना बानो के बीच कव्वाली का मुकाबला हुआ। इस दौरान आतिथियों के साथ ही हजारों की संक्या में पहुंचे लोगों ने कव्वाली का लुत्फ उठाया। उर्स के मौके पर मजार में चादर पोशी और कव्वाली का सिलसिला भोर तक जारी रहा। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, अफजाल अंसारी, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जावेद खान, पिक्कू, सिकंदर खान, अब्दुल लतीफ, परवेज आलम, अनिक, सिराजुल हुदा, नान बाबा, शादाब रिजवी, रकीब अंसारी, सहजेब अंसारी, आदिल सिद्दीकी, सफदर अली सहित अन्य मौजूद थे।






JGI THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(A Division of the Jain Group of Institutions, Bangalore)
(A Day- Cum- Residential School)
CELEBRATING A REMARKABLE STREAK OF CONSECUTIVE IMPRESSIVE BOARD EXAMINATION RESULTS
MEHAR SALUJA 97.8% Grade 10th
VIJAY KUMAR MARKAM 95.6% Grade 12 th
AADYA AGRAWAL 97.4% Grade 10th
ADMISSIONS OPEN 2026
GRADE 10TH RESULTS
AADYA AGRAWAL 97.4%
MEERA SINHA 97.2%
PARSHVA TEJANI 96.2%
ABHISHEK TRIVEDI 95.8%
JAYANT SHRIVASTAVA 94.6%
YOGITA GEMNANI 94.2%
NISHITA DEWANGAN 93.6%
GITESH AGRAWAL 93.6%
SONAM SAMANTA 93.4%
OMKAR PATEL 93.2%
AANYA AGRAWAL 92.6%
ADWITA AGRAWAL 92.2%
SHIVEDITA SINGH 92%
ABHIJAY S. THAKUR 91.6%
DARSHEEL JAIN 91.6%
BHAVESH KHANDEY 91.2%
SHWETA VISHWAKARMA 91.2%
AVNI DWIVEDI 91%
MANAW AGRAWAL 91%
SRIJAN MITTAL 91%
ISHANT PANDA 90.6%
SUHAVI SALUJA 90.4%
DIVYANSHU SAHU 90.2%
BHABYA BHAGAT 90.2%
NAVYA K. CHHABRA 90.2%
GRADE 12TH RESULTS
VIPUL SONI 94.8%
AMAR AGRAWAL 94%
AARYA AGRAWAL 93%
RAJ AGRAWAL 92.8%
AADITYA DHIR 92.8%
TANMAYA SAHOO 92.2%
SHUBHAM SONI 92%
MAHI BANSAL 91.8%
ADHYA MITTAL 91.4%
AAYUSHI KATHURIA 91.2%
CHAHAT GOYAL 90.8%
ANUSHKA SHARMA 90.6%
HARMAN HURA 90.4%
ARAV AGRAWAL 90.2%
PRANIT KAR 90%
Our Facilities
Advanced Sports Facilities: Horse Riding / NCC / ARMY / Weapon Training / Firing Range / Archery.
University of Cambridge ESOL Qualification.
Special Academic Labs (Psychology, Maths and Digital Language Labs).
Security & Safety: CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary.
Digital Library.
Trinity School of Music, London and Bhatkhande Music Qualifications.
Shooting Range • Art Room.
French as Foreign Language.
AI, Robotics & Coding Classes for Better Foundation
Indoor multipurpose training hall for sports and games
SCHOLARSHIP OPPORTUNITY UPTO 100%
• Behavioral & Career Counselling
• Psychometric Test • Disc Test
• Career Guidance aligned with selected streams
CAMBRIDGE
LAUNCHING INTERNATIONAL EDUCATION
IGCSE : UPPER SECONDARY
& CAMBRIDGE ESOL
SPORTS AND ACTIVITIES
HORSE RIDING
SWIMMING
MARTIAL ARTS (TAEKWONDO)
SYNTHETIC COURT FOR LAWN TENNIS
SYNTHETIC COURT FOR BASKETBALL
ARCHERY
SKATING
CRICKET
FOOTBALL
BADMINTON
Visit our website: tjisedu.in or contact us at:• Mob.: 9584461666, 9584461668, 9993589494
Mungeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG) 495 003 · Tel: (07752) 283281-85
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### 13वीं स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने जीते में 10 स्वर्ण सहित 14 पदक

**अंबिकापुर।** कोरबा में आयोजित 13वीं स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। 20 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के योध्दा क्लब में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों ने 14 पदक अपने नाम किए जिनमें 10 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक सरवर एक्का, आशीष तिर्की, सिद्धांत लकड़ा, अमन जेनिश, अनीश एक्का, न्यूटन कुजूर, लकी ठाकुर, खेलावन दास, प्रीति पैकरा, स्वाति राजवाड़े ने हासिल किया। इसके साथ ही रजत पदक अयान कुमार सिंह, मनोरंजन, आकाश सोनवानी, सोनिया सिंह ने हासिल किया। इस उपलब्धि पर फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के डायरेक्टर अतुल मेहता एवं रेखा मेहता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव सरवर एक्का, कोषाध्यक्ष वर्षा गुप्ता, उप सचिव नितिन श्रीवास्तव ने सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरगुजा के खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### नगर पंचायत आम निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण बैठक



**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के आम निर्वाचन अंतर्गत 1 अध्यक्ष एवं 15 वार्डों के पार्षद पदों हेतु निर्वाचन की सुचारू, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्नता के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभाकक्ष में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल द्वारा अभ्यर्थियों को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों एवं मतदान संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अवगत कराया कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर हेतु मतदान दिनांक 1 जून सोमवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक ईवीएम के माध्यम से कुल 15 मतदान केन्द्रों पर संपन्न होगा। मतगणना 4 जून गुरुवार को प्रातः 9 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आजाक) बिश्रामपुर में होगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के सभी 15 वार्डों में कुल 4642 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2335 पुरुष मतदाता एवं 2307 महिला मतदाता शामिल हैं।रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रचार के दौरान किसी भी प्रकार के नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने प्रचार-प्रसार हेतु अनुमति प्राप्ति, प्रचार सामग्री के उपयोग, रैली एवं सभा आयोजन से जुड़े नियमों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पिलखा नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह एवं व्यय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। व्यय पर्यवेक्षक द्वारा निर्वाचन व्यय की निर्धारित सीमा, दैनिक व्यय रजिस्टर के संधारण एवं समय-समय पर निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## आसपास के गमला ईट भट्टे में खपाते है चोरी का कोयला

# रामानुजनगर क्षेत्र में कोयला चोर गिरोह सक्रिय, बाइक से करते हैं कोयला तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

गर्मी का मौसम शुरू होते ही एक ओर जहां बड़ी संख्या में अवैध गमला ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अवैध कोयला के कारोबारी खदान क्षेत्र में न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में गमला ईंट भट्टे का कारोबार जोरो पर हैं। कई ग्राम पंचायतों में कई गमला ईट भट्ठा संचालित है। हैरानी की बात यह है इन ईट भट्ठे में बड़े पैमाने पर चोरी का अवैध कोयला खपाया जाता है परंतु आज तक प्रशासन द्वारा न तो गमला ईट भट्ठा संचालकों और न ही कोयला तस्करों के विरूद्ध एक बार कार्रवाई की है जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए है।

**खास बात**

- क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित है अवैध गमला ईट भट्ठा

विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम नकना, बकना, तिवरागुड़ी, द्वारिकापुर, उमापुर, दवना, मांजा, गणेशपुर में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालित है जबकि अन्य ग्राम पंचायतों में नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से वन भूमि के साथ राजस्व भूमि की खुदाई कर गमला ईट भट्ठा का धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। इन क्षेत्र में ईट बनाने के लिए अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे राजस्व को हानि होती है। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालन कई वर्ष से की जा रही है परंतु जांच व कार्रवाई के नाम पर आज तक किसी प्रकारी की कार्रवाई नहीं हो सकी। हालांकि कुछ लोग अपनी जरूरत व नए मकान निर्माण के लिए गमला ईट भट्ठा लगाते है। परंतु अधिकांश लोग ऐसे है जो इनके आढ़ में अवैध रूप से गमला ईट को व्यवसाय बना लिए है और औने पौने दाम में बिक्री करने में लगे हुए है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए है। चीमनी ईट भट्ठा की अपेक्षा गमला ईट की कीमत कम होने से मांग काफी होती है जिससे अब तक इन क्षेत्रों में लाखों ईट का निर्माण किया जा चुका है वहीं ईट बनाने का कार्य जारी है।



बाइक से चोरी का कोयला ले जाता युवक।



गमला ईंट भट्ठा में चोरी का कोयला।

### चोरी के कोयला से पका रहे ईट

क्षेत्र में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा संचालित है। ऐसे में ईट का पकाने के लिए कोयला की जरूरत होती है। ऐसे में इन गमला ईट भट्ठा में बड़े पैमाने पर चोरी के कोयला का उपयोग किया जाता है। साल्ही अमगांव खदान से लगभग प्रतिदिन 50 से 100 टन कोयला पार कर देते है। ऐसे में प्रबंधन द्वारा लगाया गया सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है। सालों से खदान में इसी तरह कोयला चोरी को अंजाम दिया जा रहा है रोजाना 150 से 200 बाइक से कई टन कोयला बाइकर्स गैंग खुलेआम खदान के भीतर बाइक से लोड पार कर दे रहे हैं। बाइकर्स गैंग दिन हो या रात खुलेआम बोरी में कोयला भरकर कर रामानुजनगर की सड़क से गुजरते है और आसपास के ईट भट्ठा में खपाते है।

### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र में अवैध गमला ईंट भट्ठा संचालित है और ईंट भट्ठा में चोरी का अवैध कोयला खपाया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-मनहरन सिंह राठिया**, तहसीलदार रामानुजनगर



## मूक बधिर विद्यालय के बच्चे अब रायपुर के शासकीय कालेज से प्राप्त करेंगे उच्च शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग के प्रथम श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यालय ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय बिश्रामपुर का शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस संबंध में विद्यालय के संचालक विजयराज अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम और दृढ़ इच्छा की बदौलत ही ये संभव हुआ है।

श्रवणबाधित विद्यार्थी जो बोलने और सुनने में अक्षम होते हैं, इसी वजह से बोलकर याद न कर पाने की असमर्थता के कारण उनकी याददाश्त भी ज्यादा नहीं होती है। अगर बार-बार रिपिट न किया जाए तो वो भूल जाते हैं। विद्यालय के बच्चों ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और आगे बढ़ने की जिद का परिचय देते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने 12 वी उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में भेजने का निर्णय लिया है, इसके लिए अभिभावकों से सहमति भी ले ली गई है। ये विद्यार्थी चार वर्षों तक वहां रह कर महाविद्यालयीन शिक्षा भी प्राप्त करेगें और व्यावसायिक कौशल की प्रशिक्षण भी लेगें। विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं बोर्ड और 11 विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा दी थी। कक्षा 10 वीं में कुमारी संतोषी सिंह ने 68.6 प्रतिशत एवं कुमारी प्रिया मानिकपुरी ने 60.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। इसके अतिरिक्त कक्षा 10 वीं के सभी विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12 वीं में विद्या सिंह ने 52.8 प्रतिशत एवं मानसी देवांगन ने 50 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

विजय राज अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय को कक्षा 10 वीं तक की मान्यता प्राप्त है किन्तु निर्धन परिवारों के मूक बधिर बच्चों के लिए बाहर जाकर आगे पढ़ना संभव नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में संस्था विद्यालय में बच्चों को रख कर कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराती है, ताकि निर्धन दिव्यांग बच्चों की शिक्षा बाधित न हो।



## ग्राम तुलसी में ग्रामीण के घर से 6 टन अवैध कोयला जब्त

**बिश्रामपुर।** पुलिस चौकी लटोरी ने अवैध कोयला भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम तुलसी घंटापारा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से करीब 6 टन कोयला जप्त किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 23 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तुलसी घंटापारा निवासी पुरुषोत्तम कुजूर अपने घर में अवैध रूप से कोयला संग्रहित कर बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना के आधार पर चौकी लटोरी पुलिस ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुरुषोत्तम कुजूर पिता नधिया कुजूर, उम्र 42 वर्ष, निवासी तुलसी घंटापारा, चौकी लटोरी, थाना जयनगर, जिला सूरजपुर के घर की परछी एवं कोठार से करीब 6 टन कोयला बरामद किया गया। जप्त कोयले की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने चोरी का संदेह होने पर कोयले को धारा 35(1) बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शिवनंदनपुर निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के उपयोग की जानकारी देने विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में वार्डवार आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ट्रेनरों एवं चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने ईवीएम मशीन से मतदान करने की पूरी प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी मीना सिंह ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के विभिन्न वार्डों में लगाए गए जागरूकता शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला मतदाता, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यहां चुनाव कर्मचारियों ने डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से अवगत कराया कि मतदाता किस प्रकार मतदान केंद्र में प्रवेश करेंगे, मतदाता पर्ची एवं पहचान पत्र का सत्यापन कैसे होगा तथा मतदान कक्ष में जाकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह के सामने लगे बटन को दबाकर वोट डाल सकेंगे। प्रदर्शन के दौरान वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई, जिससे मतदाता यह समझ सकें कि उनका वोट सही प्रत्याशी को दर्ज हुआ है।



मास्टर ट्रेनरों ने अवगत कराया कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की जल्दबाजी या भ्रम की स्थिति से बचने के लिए मतदाताओं को पहले से प्रशिक्षित किया जा रहा है। खासकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं बुजुर्गों में ईवीएम को लेकर उत्सुकता देखी गई। कई महिलाओं ने भी मतदान प्रक्रिया को समझने में विशेष रुचि दिखाई और मशीन के संचालन से संबंधित सवाल पूछे, जिनका कर्मचारियों ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि कि नवगठित नगर पंचायत होने के कारण यहां पहली बार नगरीय निकाय चुनाव कराया जा रहा है, इसलिए मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से वार्ड स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो और अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनावी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील भी की। वहीं लोगों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्डों में जगह-जगह चुनावी चर्चाएं तेज हैं और प्रत्याशी भी मतदाताओं तक पहुंचने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। ऐसे में प्रशासन का यह जागरूकता अभियान चुनाव प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## कृषि महाविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में अधिष्ठाता डॉ.एसके सिन्हा, सह संचालक अनुसंधान डॉ.केएल पैकरा एवं कीट अनुसंधान परियोजना के मुख्य अन्वेशक डॉ.पीके भगत की उपस्थिति में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मधुमक्खियों के संरक्षण, शहर उत्पादन की उन्नत तकनीकों एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने बताया कि मधुमक्खियां कृषि उत्पादन बढ़ाने, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मधुमक्खी पालन न केवल अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम है बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करता है। डॉ.केएल पैकरा ने मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की। डॉ.पीके भगत ने बताया कि विश्व मधुमक्खी दिवस मधुमक्खी संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मधुमक्खी से शहद, मोम, रॉयल जेली, पराग, प्रोपोलिस तथा मधुमक्खी के लिये सालभर फूल वाले खेती की जानकारी दी। डॉ.सचिन कुमार जायसवाल ने वैज्ञानिक विधि से शहद निकालने की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि शुद्ध शहद खाने से शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## चोरों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग कोतवाली पुलिस से की शिकायत

**अम्बिकापुर।** घर में चोरी करने के मामले में महिला ने चोरों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर शिकायत की है। कोतवाली पुलिस से की गई शिकायत में मायापुर बौरी तालाब समीप निवासी फुलेश्वर कुजूर बताया है कि 20 मई को बेटा के साथ जमशेदपुर गए थे। 23 मई को वापस लौटे तो देखा घर में सामान बिखरे हुए थे और कमरे का ताला टूटा व अलमारी खुला हुआ था। अलमारी में रखे नगदी एवं सोने चांदी के जेवर बाइक गायब थे। चोरी करने का शक मोहल्ले के एक व्यक्ति पर हुआ और उसे पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से कुछ सोने चांदी के जेवर मिले। महिला के मुताबिक व्यक्त ने अपने साथ के साथ घर में चोरी किया था। महिला ने दोनों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आनंदमती (ANANDMATI) पति स्व. राम विशाल सिंह (RAM VISHAL SINGH) निवासी ग्राम बेलदगी, पोस्ट लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) पिन कोड-497116, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मैं आनंदमती (ANANDMATI) पति स्व. राम विशाल सिंह (RAM VISHAL SINGH) अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन करने हेतु सूचना देती हूँ कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम डौली सिंह पैकरा (DOULY SINGH PAIKRA) पिता स्व. राम विशाल सिंह (RAM VISHAL SINGH) आयु 17 वर्ष है। परन्तु आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम डौली सिंह पैकरा (DOULY SINGH PAINKRA) पिता स्व. राम विशाल सिंह पैकरा दर्ज हो गया है। आधार कार्ड में डौली सिंह पैकरा (DOULY SINGH PAINKRA) नाम दर्ज होने के कारण स्कूल में एडमिशन व अन्य वैधानिक कार्य में दिक्कत आ रही है। इस हेतु नाम परिवर्तन की वैधानिक कार्यवाही मेरे द्वारा संचालित की जा रही है। उपरोक्तानुसार आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम डौली सिंह पैकरा (DOULY SINGH PAINKRA) से बदलकर डौली सिंह पैकरा (DOULY SINGH PAIKRA) पिता स्व. राम विशाल सिंह संशोधन (नाम परिवर्तन) किया जाए।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
आनंदमती
पति स्व. राम विशाल सिंह
निवासी-ग्राम बेलदगी, पोस्ट लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.), पिन कोड-497116

### न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग)

रा.प्र.क्र./ / ब-121-/25-26

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है-आवेदक श्री अशोक कुमार सिरे पिता गेदाराम निवासी ग्राम तीहपटरा के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने पिता टिहुराम पिता स्व. मंगलसाय दिनांक 02/12/2012 को ग्राम तीहपटरा में होना बतलाते हुये उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ती स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

ना. तहसीलदार
दरिमा
सरगुजा (छ.ग.)

## इंजीनियरिंग कॉलेज में नए सत्र से एमबीए सहित कार्यरत पेशेवरों के लिए संचालित होंगे पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम बदलकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कर दिया है। परिषद नए शिक्षा सत्र से कॉलेज को एमबीए सहित कार्यरत पेशेवरों के लिए सिविल इलेक्ट्रिकल एवं माइनिंग संकाय में बीटेक एवं एमटेक पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की है। नवीन पाठ्यक्रमों की स्वीकृति उपरांत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रदेश का इकलौता ऐसा महाविद्यालय है जो एमबीए के साथ ही कार्यरत पेशेवरों के लिए तकनीकी पाठ्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालिए करेगा। प्राचार्य डॉ.आरके खरे ने बताया कि तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा कार्यरत पेशेवरों के लिए बीटेक अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 सीटी की स्वीकृति प्रदान की गई है वहीं एमटेक अंतर्गत माइनिंग इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में 15-15 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि नए पाठ्यक्रम की कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ होगी। नए पाठ्यक्रम दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र के युवाओं एवं कार्यरत पेशेवरों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे साथ ही कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप कौशल आधारित एवं लचीली शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करेगी तथा कॉलेज भविष्य में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाएगा।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द,
• सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
• रीढ़ की हड्डी की चोट
• ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
• बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल
• पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
• माइक्रो एण्डोस्कोपी
• लकवा, सियाटिका
• स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### घरों में दस्तक देकर स्कूल में कराए नामांकन

**अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए एजुकेशन पोर्टल 3.0 अंतर्गत विद्यार्थियों के कक्षा में नामांकन की प्रक्रिया पर जोर दिया उन्होंने कहा कि कक्षा 1 व 6 एवं 9 के नामांकन की प्रक्रिया तत्परता से सुनिश्चित की जाए उन्होंने सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को एजुकेशन पोर्टल का अवलोकन कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर आर्मो, सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी आशुतोष कुशवाहा, एडीपीसी रमसा देवेश सिंह बघेल, बीआरसी, जन शिक्षक आदि संबंधित जन उपस्थित रहे।

### भारतीय सेना भर्ती एग्जाम की तिथि घोषित

**बैकुण्ठपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा भारतीय सेना वर्ष 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख घोषित कर दी गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 5 जून तथा 8 से 12 जून तक निर्धारित 5 शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर के 10 परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 से 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय ने जिले के सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने एडमिट कार्ड में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत विकासखंड अनूपपुर के ग्राम पंचायत पयारी नंबर 1 में स्थित चौरा धाम जोगी तालाब घाट में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से तालाब परिसर की साफ-सफाई की गई तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जल बचाने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

### प्राचीन पांडुलिपियों का ऐप में डिजिटल संरक्षण

**अनूपपुर।** प्राचीन पांडुलिपियां, ताड़पत्र व दुर्लभ अभिलेखों के संरक्षण व भावी पीढ़ियों तक इनकी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वे शुरू हो चुका है। देशभर में राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान 16 मार्च से 15 जून तक संचालित किया जा रहा है। जिसमे जनभागीदारी के माध्यम से देशभर के परिवारों, मंदिरों एवं संस्थाओं में उपलब्ध पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम ऐप के जरिए जिओ टैग कर डिजिटल रूप से संरक्षित किया जा रहा है। अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम के पुस्तकालय में उपलब्ध लगभग 166 प्राचीन पांडुलिपियों का भारत ऐप में अपलोड करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान के तहत इन पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से संरक्षित किया जा रहा है।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की सूची घोषित

मनेन्द्रगढ़। जिले में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की मंडल



संयोजक एवं सह-संयोजक सूची जारी कर दी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश संयोजक डॉ. देवेन्द्र कश्यप के निर्देशानुसार तथा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले की अनुशंसा एवं जिला संयोजक डॉ.अंशुमान चौधरी की सहमति से घोषित की गई है।
जारी सूची के अनुसार हसदेव मंडल में डॉ. हीरालाल को संयोजक एवं आरसी पौलीवाल को सह-संयोजक बनाया गया है। मनेन्द्रगढ़ मंडल में डॉ. सीमा यादव को संयोजक तथा शिवानी श्रीवास्तव को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। चिरमिरी मंडल में डॉ. निरापद विश्वास संयोजक एवं आशीष विश्वकर्मा सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं। जनकपुर मंडल में अतुल गुप्ता को संयोजक एवं सतीश सिंह को सह-संयोजक बनाया गया है।

### 10 दिनों में तीसरी बार बढ़ी कीमत

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया और एमसीबी जिले के लोगों को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पिछले 10 दिनों के भीतर तीसरी बार बढ़ोतरी कर दी गई है। शनिवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में करीब 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, इससे पहले 15 मई और 19 मई को भी कीमतें बढ़ाई गई थीं। लगातार बढ़ रही कीमतों से आम लोगों, व्यापारियों, परिवहन संचालकों और किसानों की चिंता बढ़ गई है। 23 मई की स्थिति में बैकुंठपुर में पेट्रोल की कीमत नार्मल 106.28 रुपए एवं डीजल 99.38 रुपए पहुंच गया है।

जानकारों के अनुसार मई महीने में अब तक पेट्रोल-डीजल करीब 5 रूपए प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं। अंतरराष्टीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिया-ईरान में जारी तनाव को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। दोनों जिले के बैकुंठपुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, जनकपुर और भरतपुर क्षेत्र में इसका असर सीधे तौर पर दिखाई देने लगा है। निजी बस संचालकों और मालवाहक वाहन चालकों ने किराया बढ़ाने के संकेत दिए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी और परिवहन लागत भी बढ़ने की आशंका है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ेगा, जिसका असर बाजार में रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम पर पड़ेगा। शहरों में ऑटो चालकों और बाइक सवारों की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। लगातार तीसरी बार कीमतें बढ़ने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आम नागरिकों का कहना है कि पहले से ही महंगाई चरम पर है, ऊपर से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया में भी लोग सरकार और तेल कंपनियों को लेकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्टीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं तो आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम में और बढ़ोतरी हो सकती है।



#### कमाई जस की तस, खर्चा हर दिन बढ़ रहा

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 दिनों के भीतर तीसरी बार बढ़ोतरी होने से कोरिया और एमसीबी जिले में लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। आम नागरिकों से लेकर वाहन चालक, व्यापारी, किसान और नौकरीपेशा लोग लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता जता रहे हैं। सोशल मीडिया में भी लोगों की प्रतिक्रियाएं तेजी से सामने आ रही हैं। कई लोगों ने सवाल उठाया कि लगातार बढ़ती महंगाई से मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

#### क्या कहते हैं आमजन

शहर के अग्रवाल सिटी निवासी आशीष नामदेव कहते हैं कि बाइक से रोज ऑफिस आना-जाना पड़ता है, लेकिन पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ने से महीने का बजट बिगड़ गया है। उनका कहना था कि सैलरी नहीं बढ़ रही, लेकिन खर्च हर सप्ताह बढ़ रहा है। चिरमिरी के ऑटो चालक राजू यादव ने बताया कि डीजल और पेट्रोल महंगा होने से रोज की कमाई पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाने पर यात्री नाराज होते हैं, लेकिन पुराने किराए में अब गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। सब्जी व्यापारी रवि कुशवाहा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से मंडी से सामान लाना महंगा पड़ रहा है। आने वाले दिनों में सब्जियों और जरूरी सामानों के दाम बढ़ सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग परेशान नजर आए। क्षेत्र के युवा किसान जितेन्द्र राजवाड़े ने कहा कि खेती-किसानी पहले ही महंगी हो चुकी है। डीजल महंगा होने से ट्रैक्टर, पंप और माल ढुलाई का खर्च और बढ़ जाएगा। कचहरीपारा निवासी गृहिणी श्रीमती आकांक्षा ने कहा कि गैस, राशन और सब्जी पहले से महंगी है,अब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से बाकी चीजें भी और महंगी हो जाएंगी।



# आग उगल रहा सूरज, नवतपा कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नवतपा की शुरूआत कल 25 मई से हो रही है, लेकिन इसके पूर्व ही कोरिया जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह के कुछ घंटों बाद से ही सूर्य आग उगलना शुरू कर देता है और अपरान्ह 5 बजे तक सूर्य की तपिश शरीर को झुलसा रहा है। बीते दो-तीन दिनों से लगातार आसमान के साफ रहने से सूर्य की किरणे लगातार धरती को गर्म कर रही है और सूर्य की तपिश लोगों को झुलसाने लगी है।

■ दोपहर में सड़कें हो रहीं सुनीं

यही कारण है कि दोपहर होने के पूर्व से ही शहर की सड़कों पर आवागमन कम होने लगता है और देर अपरान्ह तक यही हालत बना रहता है। जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर रहा, लेकिन आसमान के पूरी तरह से साफ रहने से धूप कड़ी रही, इसके चलते तेज धूप का असर दिनभर बना रहा। लोग घरों में दोपहर के समय कूलर पंखे के सहारे दिन काट रहे हैं, लेकिन वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते कूलर पंखे से भी ज्यादा राहत नहीं मिल पा रही है। ऐसे में कल से शुरू हो रहे नवतपा में तापमान के और बढ़ने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

#### कल से नवतपा की शुरूआत

25 मई से नवतपा की शुरूआत हो रही है, इसके एक दिन पूर्व से ही तापमान रिकार्ड स्तर पर रहेगा। जानकारी के अनुसार 25 मई को सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, इसी के साथ नवतपा की शुरूआत हो जाएगी, जो आगामी नौ दिनों तक 2 जून तक रहेगी। माना जाता है कि इस दौरान जमकर तपिश होती है। जानकारी के अनुसार इस दौरान धरा और सूर्य निकट होते हैं और सूर्य की किरणे सीधी पड़ती है, इसके चलते धरा खूब तपती है।

#### शहर की सड़क पर सन्नाटा

तेज धूप के असर के कारण दोपहर होने के पूर्व से ही घर के बाहर सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। दोपहर के समय तो शहर की प्रमुख सड़के भी सूनी हो जाती है, बहुत कम ही लोग जरूरी काम से घर से बाहर निकलते हैं और जो भी बाहर निकलते हैं सिर ढककर व चेहरा बांधकर ही निकलते हैं।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन को लेकर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पंचायत पटना में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।




सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में जारी निर्देशों एवं आदेशों के पालन में कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशन में नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में यह कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण उपाध्याय ने उपस्थित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के तहत जारी निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नियमों के प्रभावी पालन के लिए संबंधित दिशा-निर्देशों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं।

■ जनप्रतिनिधियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की दी गई जानकारी

सीएमओ ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने में वार्ड पार्षदों और स्थानीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को भी सामने रखा। इस पर नगर पंचायत प्रशासन ने सभी समस्याओं के समाधान और सतत निगरानी बनाए रखने का आश्वासन दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें सुरेन्द्र कुमार, अहिबरन सिंह, ज्योति देवांगन, अमित सिंह, रेखा वर्मा, रूचि सुजित सोनी, सौरभ सिंह सहित अन्य पार्षद शामिल रहे। कार्यशाला के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत पटना को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान उप अभियंता नरेश कुशवाहा सहित नगर पंचायत के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# गर्ल्स कॉलेज में 6 दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में पीएफएसी के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय डिजिटल साक्षरता और आईसीटी टूल्स सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 30 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के संरक्षण में किया जा रहा है।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक भारत सिंह ने 6 दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डिजिटल साक्षरता की वर्तमान समय में आवश्यकता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में डिजिटल ज्ञान केवल सुविधा नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है और शिक्षकों के लिए तकनीकी दक्षता समय की मांग है। कार्यक्रम के अगले सत्र में आईसेक्ट कॉलेज बैकुंठपुर के प्रमुख नरेश सोनी ने डिजिटल ज्ञान और आज की आवश्यकता विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय पूरी तरह डिजिटल युग में परिवर्तित हो चुका है और तकनीकी ज्ञान के अभाव में व्यक्ति प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाता है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में आईसेक्ट कॉलेज के शिक्षक प्रदीप साहू ने माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एवं विशेष रूप से एमएस वर्ड के उपयोग पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को वर्ड टाइपिंग, कॉपी-पेस्ट, फाइल सेव करना, फॉन्ट साइज बदलना, टेक्स्ट हाइलाइट करना, मार्जिन सेटिंग, पोर्ट्रेट एवं लैंडस्केप प्रिंटिंग सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी सरल एवं व्यावहारिक तरीके से दी। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमित कुमार डे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

#### एक दिवसीय विशाल रोजगार मेला

**बैकुण्ठपुर।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 19 मई को एक दिवसीय विशाल रोजगार मेला का आयोजन रोजगार कार्यालय बैकुंठपुर में किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा 297 रिक्त पदों के पूर्ति के लिए लगभग 410 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। मेला स्थल पर ही कंपनियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार ले कर लगभग 80 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया एवं शेष पदों के चयन की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। पूर्ण होने के उपरांत सभी रिक्त पदों की पूर्ति होने की संभावना है। ऐसे युवा जो इस बात को लेकर असमंजस में थे कि उन्हें किस क्षेत्र में जाना चाहिए उनके लिए विशेष कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने उन्हें भविष्य में रोजगार के अवसर संबंधी बाजार के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया।

# अनुसूचित जाति मंडल की बैठक संगठन और समाज हित में चर्चा



घरघोड़ा। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मंडल घरघोड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 मई को आयोजित की गई। जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती, समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर गंभीर मंथन किया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब, मजदूर, किसान, युवा एवं अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है।

# एनएच 43 पर पुलिस की सघन जांच अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत हाइवे पुलिस चौकी नागपुर में लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह द्वारा राष्टीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए राजेन्द्र कुमार पिता घुरऊ राम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सिरौली थाना मनेन्द्रगढ़ के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी पर 12 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना ना केवल कानूनन अपराध है बल्कि यह सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बनता है। इसी को देखते हुए जिलेभर में लगातार चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हाइवे पुलिस चौकी नागपुर प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा शराब सेवन के बाद वाहन चलाने से पूरी तरह बचें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आदि कर्मयोगी अभियान टेडमा-तोलगा में चौपाल



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत ग्राम टेडमा में संचालित 20 लाख की लागत से नवतारिया निर्माण कार्य का शनिवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ ए.पन्ना ने औचक निरीक्षण किया।

■ सीईओ ने मनरेगा कार्यों का किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर 197 मजदूर कार्यरत पाए गए, जिनकी उपस्थिति मौके पर ही मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर मजदूरों के लिए छाया एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। अधिकारियों ने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इसी क्रम में ग्राम टेडमा एवं तोलगा में आदि कर्मयोगी अभियान, जन भागीदारी अभियान तथा जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत जनसुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल में ग्रामीणों और आवास हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा भुगतान से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। आवास हितग्राहियों ने बताया कि कई मामलों में वर्क कोड जनरेट नहीं होने के कारण मजदूरी भुगतान में परेशानी हो रही है। इस पर सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या समाधान के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि किशोर सिदार, तकनीकी सहायक दीपक सिंह, आवास समन्वयक हेमंत साहू, सरपंच धनसिंह मरकाम, सचिव प्रभु दयाल, रोजगार सहायक सहित काफी संख्या में मनरेगा मजदूर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 200 रुपए किलो बेची जा रही बंगाल और मुजफ्फरपुर की लीची

# शहर के बाजार में बिकने आई रसीली लीची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भीषण गर्मी के बीच फलो का राजा आम के कई वैरायटी बाजार में बिक रहे हैं, वहीं बाजार में फलों की रानी लीची भी बिकने के लिए शहर में पहुंच गई है। बाहरी प्रदेश से आने वाला लाल सुर्ख रसीले लीची सभी को लुभा रही है। यहीं कारण है कि लोग खरीदी करने के लिए भी जुट रहे हैं।

शहर में बीते एक सप्ताह से बाहर के व्यापारियों के द्वारा ठेले में लीची भारी मात्रा में रखकर तपती धूप के बीच बिक्री कर रहे हैं, जहां खरीदी करने वाले लोगों की भीड़ लगी रहती है और दोपहर बाद तक व्यापारी काफी मात्रा में रखे लीची को विक्रय कर दे हैं। लीची व्यापारी ने बताया कि वे बंगाल की लीची का विक्रय कर रहे हैं। स्थानीय बाजार में बंगाल की लीची के साथ मुजफ्फरपुर की लीची की ज्यादा आवक हो ती है। बहरहाल शहर के बाजार में तपती धूप के बीच व्यापारी ठेले में रखकर पूर्वान्ह से विक्रय करना शुरू कर देते हैं और दोपहर बाद तक ठेले में रखा पूरा लीची बेचकर चले जाते हैं। शहर में इन दिनों लीची 200 रूपए किलो की दर से विक्रय की जा रही है। ऊंचे दाम होने के बावजूद लीची का स्वाद लेने के लिए लोग खरीदी कर रहे हैं। लीची केवल इसी सीजन में उपलब्ध रहता है। आगामी कुछ दिनों के बाद लीची का की आवक कम हो जाएगा। यही कारण है कि सीजन के इस फल का स्वाद लेने के लिए महंगे दाम में विक्रय होने के बावजूद लोग खरीदी करने के लिए जुटते हैं।



**सेहत के लिए लाभदायक:** फलों की रानी लीची का स्वाद ही बेहतरीन नहीं होता, बल्कि रसीली लीची के स्वाद के साथ विटामिन सी, पोटेशियम, एंटी ऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्त्रोत होता है, इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ पाचन किया को दुरूस्त रखने में मदद करता है, इसके अलावा डिहाईड्रेशन से भी बचाव करता है।

#### कोरिया में मौसम अनुकूल

कोरिया जिले का मौसम लीची के अनुकूल है, इसके लिए सरकारी प्रयास कर किसानों को लीची के बगान विकसीत करने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है ताकि सीजन के इस फल से अच्छी आय प्राप्त कर सके। कोरिया जिले में लीची के बगान कही पर भी नहीं है, लेकिन कुछ लोग अपने घरों के आस पास लीची के पौधे लगाए गए हैं, लेकिन व्यावसायिक दृष्टि से लीची के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहन की जरूरत है।

## खबर संक्षेप



### सीनियर फास्ट फाइव नेटबॉल चैम्पियनशिप हेतु सरगुजा टीम का ट्रायल आज

**अंबिकापुर।** द्वितीय सीनियर फास्ट फाइव राज्य स्तरीय नेटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला वर्ग) हेतु सरगुजा जिला टीम के चयन हेतु 24 मई को सुबह 7 बजे व शाम को 5 बजे गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंडमें ट्रायल आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा के तत्वावधान में द्वितीय सीनियर फास्ट फाइव राज्य स्तरीय नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 30 एवं 31 मई को जांजगीर-चांपा में किया जाएगा। जिसके लिए सरगुजा टीम के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा जिले के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र पुरुष एवं महिला खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पास नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का वैध रजिस्ट्रेशन नंबर होना अनिवार्य है।

### बचत खाता खोलने डाक विभाग का दो दिवसीय अभियान 25 से

**अम्बिकापुर।** लोगों को सुरक्षित निवेश और वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा सभी डाकघरों में 25 और 26 मई को अल्प बचत खाता खोलने का विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं में निवेश कर सकता है। अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता और सामान्य बचत खाता खुलवा सकता है।

### कल्याणपुर जंगल पहुंचे 6 हाथी फसलों को किया तबाह

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमण्डल के सीमावर्ती जंगल में एक सप्ताह तक भ्रमण करने के बाद 6 हाथियों का दल वापस कल्याणपुर जंगल में लौट आया है तथा लगातार ग्रीष्मकालीन धान एवं सब्जियों की फसल को तबाह कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी शाम होते ही मुख्य मार्ग के निकट पहुंच जा रहे हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। हालांकि वनकर्मी एवं हाथी मित्रदल के सदस्य हाथियों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। हाथी कभी संभाग मुख्यालय के निकट कुल्हाड़ी पहुंच जा रहे हैं तो कभी सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत कल्याणपुर जंगल सहित आसपास के सब्जियों के खेत में तबाही मचा रहे हैं। वर्तमान में 4 हाथी कुल्हाड़ी जंगल में जबकि 2 हाथी झालारिया दोपहर में भ्रमण कर रहे है। वन अमला मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को सावधानी बरतने एवं रात में मार्ग से आवागमन नहीं करने की सलाह दे रहा है।

### गोविंदपुर समिति में नहीं पानी की व्यवस्था, किसान परेशान



**प्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गोविंदपुर में इन दिनों किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है तथा रोजाना सैकड़ों किसान समिति पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच समिति में पानी की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समिति परिसर में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है न ही किसानों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है। दूरदराज से आने वाले किसान घंटों धूप में खड़े रहने मजबूर है। किसानों ने बताया कि गर्मी के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस ओर न तो समिति प्रबंधक ध्यान दे रहे हैं न ही ग्राम पंचायत द्वारा कोई व्यवस्था की गई है। किसानों ने समिति परिसर में जल्द पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित

# भीषण गर्मी से फिलहाल राहत की नहीं है उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आगामी चार-पांच दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी दिन का तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने एवं गर्म हवाएं चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- 11 बजते ही सड़के हो जा रही सूनी

इस साल अप्रैल के महीने से ही मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कभी भीषण गर्मी पड़ रही है तो तापमान में तेज गिरावट हो रही है। सामान्यतया अप्रैल से जून मध्य तक भीषण गर्मी पड़ती है। मौसम विज्ञान की भाषा में भीषण गर्मी पड़ने से राजस्थान में लो प्रेशर बनता है जो मानसून को आकर्षित करता है। इससे मानसून की गति तेज हो जाती है तथा मानसून निर्धारित समय पर दस्तक देता है। इस बार अप्रैल में अच्छी गर्मी पड़ी तथा 30 अप्रैल को तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इधर उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने के कारण मई की शुरूआत में ही तापमान में तेज गिरावट होने के कारण गर्मी से राहत रही। पहली बार 18 मई को तापमान 40.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तथा चार दिन पूर्व दिन का तापमान 42.4 डिग्री पहुंच गया था। इसके बाद से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ 41-42 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहा है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा मध्यभारत सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंच रही है जिसके कारण छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके विपरीत उड़ीसा, पश्चिम बंगाल सहित आसपास के क्षेत्रों के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ भी सक्रिय है। राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने के कारण गर्म हवाएं ऊपर की ओर जा रही है खाली जगह को भरने आसपास की हवा पहुंच रही है। राजस्थान का यह लो-प्रेशर दक्षिण-पश्चिम मानसून को गति दे रहा है। मानसून अण्डमान सागर की यात्रा पर है। राजस्थान में लो-प्रेशर बनने की प्रक्रिया अप्रैल से ही शुरू हो जाती है लेकिन इस बार अनेकों मौसमी व्यवधान आने के कारण यह प्रक्रिया बाधित रही। हालत यह है सुबह 11 बजते ही सड़के सूनी हो जाती हैं। गर्मी बढ़ने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही है। मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह 27 मई तक एक पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं बौछारे पड़ने एवं तापमान में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



### मध्य भारत के ऊपर बना हीट डोम

इस बार मौसम में कुछ अलग बदलाव देखा जा रहा है। मौसमी बदलाव के कारण मध्य भारत के ऊपर एक प्रति चक्रवात प्रभावी है। प्रति चक्रवात घड़ी की विपरीत दिशा में घूमता है जिसके कारण तेजी से गर्म हवाएं पहुंच रही है। इसके साथ ही मध्यभारत, उत्तर भारत एवं विदर्भ के ऊपर एक हीट डोम प्रभावी है। गर्म हवा की मोटी परत सतह की गर्मी को बाहर नहीं निकलने दे रहा है जिससे झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विज्ञानी तीन-चार दिन बाद खाड़ी में हलचल शुरू होने के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव आने तथा गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। लम्बे अर्से बाद मध्य भारत में हीट डोम बनने को असामान्य एवं बड़ी घटना माना जा रहा है। इस बार अधिक गर्मी पड़ने के पीछे अप्रैल में वायुदाब में कमी, मध्यभारत के ऊपर प्रति चक्रवात के प्रभावी होने एवं कमजोर पछुआ विक्षोभ को कारण माना जा रहा है। वैसे भी मई में धरती एवं सूर्य की दूरी कम हो जाती है तथा सूर्य की किरणें धरती पर लम्बवत पड़ती हैं जिसके कारण तेज गर्मी पड़ती है। इस बार उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए लेकिन कमजोर होने के कारण काफी कम वर्षा हुई तथा मार्च-अप्रैल से ही मौसम शुष्क बना रहा। खाड़ी में भी कोई ताकतवर लो-प्रेशर एवं अवदाब सक्रिय नहीं हुआ।

### पड़ सकता है अलनीनों का प्रभाव

इस बार मानसून काल में अलनीनों के प्रभावी होने को लेकर काफी चर्चाएं चल रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार प्रशांत महासागर में अभी अलनीनों जन्म ले रहा है। अलनीनों का आकार लेना लम्बी प्रक्रिया है तथा भविष्य में अलनीनों के प्रभाव को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। अलनीनो कब तक प्रभावी होगा तथा उसका प्रभाव हिंद महासागर पर पड़ेगा या नहीं इसका अभी कोई भरोसा नही है। अगर अलनीनो हिन्द महासागर को प्रभावित नहीं किया तो भारत पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अलनीनों के प्रभावी होने पर अगस्त की बारिश प्रभावित हो सकती है तथा लम्बा मानसून ब्रेक होने पर गर्मी भी बढ़ सकती है। हालांकि मौसम विज्ञानियों ने पूर्व में ही 92-94 फीसदी वर्षा होने का अनुमान लगाया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार हिंद महासागर के द्विध्रुव के अनुकूल रहने पर अच्छी वर्षा होती है।

### प्रभावी है गर्म हवा का घेरा

वर्तमान में मध्य भारत के ऊपर गर्म हवा का बड़ा घेरा लम्बे-चौड़े क्षेत्र पर बना है। इस हीट डोम के कारण मध्य भारत में भीषण गर्मी का असर देखा जा रहा है

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी

# सिलफिली में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम सिलफिली स्थित आकाशवाणी चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान लगभग 22 वर्षीय ऋतिक के रूप में हुई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ऋतिक अपने एक साथी के साथ अंबिकापुर निवासी अरविंद गुप्ता की बाइक से लटोरी आया था। बताया जा रहा है कि लटोरी पहुंचने के बाद उसने अपने साथी को वहीं छोड़ा और किसी निजी कार्य से अकेले बिश्रामपुर की ओर निकल पड़ा। इसी दौरान सिलफिली के आकाशवाणी चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन अज्ञात वाहन का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

मामले में एक और पेचीदगी तब सामने आई जब मृतक के साथ आए युवक ने पुलिस को बताया कि उसे ऋतिक के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में पुलिस को मृतक की पहचान और उसके परिवार तक सूचना पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश में जुट गई है और आसपास के थानों व परिचितों से संपर्क कर जानकारी एकत्र की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक कपड़ा दुकान में काम करता था,लोगों का कहना है कि आकाशवाणी चौक के आसपास अक्सर भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।



घटना स्थल मृतक।

# आकाशवाणी ने 90 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया वाकाथान

**अंबिकापुर।** शनिवार को आकाशवाणी इके 90 वर्ष पूरे हुए। आकाशवाणी की इस उपलब्धि को सरगुजा में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर में वाकाथान का आयोजन किया गया। इस वाकाथान में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं के साथ ही आकाशवाणी के वर्तमान एवं पूर्व कलाकारों, प्रस्तुतकर्ताओं, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाकाथन की शुरुआत आकाशवाणी अंबिकापुर परिसर से हुई। यात्रा गांधी चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड होते हुए महामाया चौक पहुंची और पुनः आकाशवाणी परिसर लौटकर संपन्न हुई।

- जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने साझा किए रेडियों से जुड़े अनुभव

रेडियो से जुड़े लोगों ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला सबसे विश्वसनीय और प्रभावी माध्यम बना हुआ है। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सहायक निदेशक कार्यक्रम प्रमेन्द्र कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत पुष्पगुच्छ, टी-शर्ट एवं वाकाथन की विशेष टोपी भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के हर वर्ग तक पहुंच रखने वाला प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि रेडियो संवाद का सबसे सशक्त मंच बना हुआ है। जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि फुलवारी और युववाणी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनका आकाशवाणी से गहरा जुड़ाव रहा है। आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि मोबाइल युग में भी रेडियो सबसे विश्वसनीय सूचना और मनोरंजन का माध्यम बना हुआ है। उन्होंने जयमाला, कृषि जगत और बिनाका गीतमाला जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों को याद करते हुए कहा कि एक समय पूरा देश रेडियो के आसपास जुट जाता था। उन्होंने अमीन सयानी को स्मरण करते हुए कहा कि रेडियो लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करता है। एएसपी राजेश अग्रवाल ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक रेडियो से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। गांव की चौपालों में बैठकर रेडियो सुनने की स्मृतियों को साझा करते हुए उन्होंने युववाणी, चौपाल और गीत-संगीत आधारित कार्यक्रमों का उल्लेख किया। नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि आकाशवाणी ने देश की आवाज, भारत की आवाज के रूप में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अपनी गहरी पहचान बनाई है।

पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि उनके परिवार के सदस्य आकाशवाणी में अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने बहुचर्चित धारावाहिक "भोको दास" और सरगुजिहा भाषा में प्रसारित चौपाल कार्यक्रम को याद किया। माता राजा रानी हॉस्पिटल के डायरेक्टर नरेंद्र सिंह टूटेजा ने आकाशवाणी के पुराने दिनों को याद किया। पार्षद विजय सोनी, आयुक्त नगर निगम डीएन कश्यप, पार्षद पपिंदर सिंह, कैलाश मिश्रा, पार्षद शशिकांत जायसवाल, कांत दुबे, रवि शंकर पांडेय, शैलेश कुमार सिंह,पशु चिकित्सक डॉ. सीके मिश्रा, कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप शर्मा, हमर हाथी हमर गोठ के प्रस्तुतकर्ता अमलेंदु मिश्रा, आदित्य नारायण वर्मा, प्राचार्य रविशंकर पांडेय, रत्नेश पांडेय, रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य मुकेश तिवारी, सुनील दुबे सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।




# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा, एनएच किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर

पेट्रोल डीजल के बढ़ती कीमत के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एनएच 43 पर मदनपुर में चौदहा पेट्रोल पंप के समीप चक्काजाम कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन गया। चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर ईंधन के दामों को तत्काल कम करने की मांग की। इसके बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर व एसडीएम को एक ज्ञापन सौंप ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों से उत्पन्न गंभीर जन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि डीजल के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण मालभाड़े ट्रांसपोर्टेशन में भारी वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं, फल, सब्जियां और खाद्य सामग्रियां आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। वर्तमान में कृषि कार्य पूरी तरह से आधुनिक मशीनों पर निर्भर है। डीजल पंप, ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों में लगने वाले ईंधन के महंगे होने से किसानों की लागत दोगुनी हो गई है, जिससे किसान कर्ज के दलदल में डूबते जा रहे हैं। रोजमर्रा के काम-धंधे, व्यवसाय और पढ़ाई के लिए आवागमन करने वाले मध्यम वर्ग और छात्र-छात्राओं का मासिक बजट इस मूल्य वृद्धि के कारण पूरी तरह से बिगड़ चुका है।इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारीयों ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही इन बढ़ती कीमतों पर लगाम नहीं लगाई और आम जनता, किसानों व युवाओं को राहत नहीं दी, तो यह आंदोलन आगे चलकर और उग्र रूप लेगा। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लें। इस दौरान पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, नीरज सिंह, रोहन राजवाड़े, रूपदेव कुशवाहा, अरविंद सिंह, विष्णु विश्वास, दिलीप शाहा, पीयूष कुशवाहा, सुकुमार मंडल, मुकेश मृधा, दुष्यंत तिवारी, रतन माली, आंचल रूची टोप्पो, बलराम शील, विकास जायसवाल, जगेश्वर यादव व अन्य उपस्थित थे।



# पुलिस को मिली मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जिले को अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात मिली है। शनिवार को कोतवाली से मोबाइल फोरेंसिक वैन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया। अब तक अपराध स्थल से साक्ष्यों को प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगने के कारण साक्ष्यों के दूषित होने और जांच रिपोर्ट में विलंब की संभावना बनी रहती थी। नई मोबाइल फोरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही साक्ष्य संरक्षण, प्रारंभिक परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा, जिससे जांच की गुणवत्ता और गति दोनों में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

- पुलिस को मिली मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात

छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपराध जांच को मजबूत करने के लिए 32 अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का संचालन हाल ही में प्रारंभ कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 18 मई को रायपुर के माना पुलिस परेड ग्राउंड से इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसी क्रम में सूरजपुर में मोबाईल फारेंसिक वैन का शुभारंभ किया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन की विशेषताएं बताते हुए कहा कि अब सटिक जांच होगी जिससे त्वरित न्याय मिल सकेगा, नए कानूनों का मुख्य उद्धेश्य वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित जांच को बढ़ावा देना है जो विश्वसनीय, निष्पक्ष और न्यायालय में अधिक प्रभावी सिद्ध होगें। इस वैन की उपलब्धता से अब मौके पर त्वरित जांच घटना स्थल पर ही फिंगर प्रिंट, रक्त के नमूने और कपड़ों के रेशे जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए जाएंगे। यह वैन आधुनिक उपकरण से लैस है जिनमें डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, नार्कोटिक्स परीक्षण किट और फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम शामिल हैं। अब घटना स्थल से साक्ष्य नष्ट होने की संभावना नहीं के बराबर होगी और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। यह वैन जनरेटर सुविधा से भी लैस है जहां बिजली की सुविधा नहीं होगी वहां यह जनरेटर 5 घंटे तक बिजली की रोशनी में कार्य कर सकेगा।






# प्रतीक्षा बस स्टैंड में बंद वाटर एटीएम होंगे चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महापौर परिषद के सदस्य, जल प्रदाय विभाग के प्रभारी जितेन्द्र सोनी व सफाई विभाग के प्रभारी ममता तिवारी ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लेकर महापौर को स्थिति से अवगत कराया था।

- महापौर ने दो दिन में व्यवस्था दुरूस्त करने किया निर्देशित

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दोनों एमआईसी सदस्यों ने पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे। जितेंद्र सोनी ने बताया कि प्रतीक्षा बस स्टैण्ड स्थित बंद पड़े वाटर एटीएम व वाटर कूलर को चालू करा दिया गया है तथा पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। सफाई विभाग द्वारा सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यूरिनल व सार्वजनिक शौचालय में बिजली व्यवस्था, सिविल सुधार कार्य एवं दुकान संचालकों को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को दो दिन का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सहित गांधीनगर सब्जी बाजार, गुदरी बाजार स्थित एटीएम की भी मरम्मत कराई गई है। ननि क्षेत्रान्तर्गत कुल 8 वाटर एटीएम संचालित है जिनका संधारण संबंधित एजेंसी द्वारा 5 वर्ष तक किया जाना था। एजेंसी वाटर एटीएम स्थापित करने के बाद संधारण कार्य नहीं कर रही थी जिससे उपकरण बंद पड़े थे। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं जल प्रदाय विभाग के प्रभारी द्वारा लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए निकाय के सभी वाटर एटीएम की मरम्मत करने निर्देशित किया है। प्रथम चरण में तीन वाटर एटीएम को निकाय मद से मरम्मत करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। द्वितीय चरण में कंपनी बाजार, सरगंवा (वाटर पार्क), शासकीय जिला अस्पताल, मैरीन ड्राइव, स्टेडियम ग्राउंड के सामने स्थापित वाटर एटीएम का सुधार कार्य कराया जाएगा। विगत वर्ष भी इन वाटर एटीएम सुधार कराया गया था। इस दौरान आकाश गुप्ता, अनिल तिवारी, शैलेंद्र शर्मा, जल एवं विद्युत अधिकारी प्रशांत खुल्लर, सफाई विभाग से शक्ति पाण्डेय, स्वर्ण मेहता, राजस्व अधिकारी विजय कुजूर, शिवेंद्र बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे।










प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE One with the Sun
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY